तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 23 जून 2025



13 जैन मुनियों के मंगल प्रवेश पर महिलाओं ने किया भव्य...





14 गुंडरदेही के बैडमिंटन ग्राउंड में विभिन्न...







## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवको के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


## खबर संक्षेप



### मोतीराम की मौत पर सरपंच ने दी सहायता

**गुरूर।** श्रद्धांजलि योजना के तहत ग्राम खुंदनी निवासी गरीब परिवार के व्यक्ति मोती राम की मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी गजरा बाई को ग्राम-पंचायत खुंदनी के सरपंच विशाल दीवान द्वारा 2000 रुपये की सहयोग राशि प्रदान किया गया।

### भेंगारी में महिला की पिटाई तीन पर अपराध कायम

**बालोद।** ग्राम भेंगारी के खेत में तीन लोगों ने एक महिला की पिटाई कर दी। पुलिस के अनुसार बसंती साहू ने जानकारी दी है कि 18 जून को शीतला तालाब के पीछे खेत गई थी। बड़ी सास रामबती साहू, जेठ ईगेश्वर साहू एवं देवर गजेन्द्र साहू हमारे खेत के मेड़ को ट्रैक्टर ले जाने खोद रहे थे। खुदाई करने से मना करने पर तीनों ने गाली गलौज कर धक्का–मुक्की किया। हाथ–मुक्का, डंडे से मारपीट किया। जिससे गर्दन, पीठ एवं हाथ में चोट लगी है। मामले में बालोद थाने में तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### डॉ. श्यामा प्रसाद बलिदान दिवस पर आज कई कार्यक्रम

**गुरूर।** भाजपा मंडल मिरएँटोला पुरूर द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस कार्यक्रम संयोजक सहसंयोजक घोषणा की गई है। भाजपा मंडल मिरएँ टोला पुरूर अध्यक्ष टुकेशवर पांडेय ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण को लेकर उनके नेतृत्व में 11 साल की उपलब्धियां संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख के आदेश पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पौधारोपण संरक्षण संवर्धन कार्यक्रम संपन्न कराने हेतु संयोजक आदित्य पिपरे, हेमशंकर साहू, सह संयोजक राजेंद्र साहू नियुक्त किए गए हैं। वही प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख के आदेश पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखजएँ के बलिदान दिवस 23 जून को कार्यक्रम संपन्न कराने हेतु मंडल संयोजक तेजराम साहू, सह संयोजक हेमंत साहू व संध्या साहू को नियुक्त किया गया है।

### गोंड़ महासभा का वार्षिक अधिवेशन आज और कल

**बालोद।** छ.ग.गोडवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद का वार्शिक अधिवेशन, त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव मे नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियो का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन 23 एवं 24 जून को नगर पंचायत अर्जुन्दा मे किया गया है। जिसमे 23 जून के कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष छ.ग.गोडवाना गोड़ महासभा यूआर गंगराले रहेंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष छ.ग. गोडवाना गोड़ महासभा जिला बालोद तिरू. प्रेमलाल कुंजाम करेंगे। विशेष अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष छ.ग. गोडवाना गोड़ महासभा विनोद नागवंशी, तहसील अध्यक्ष छ.ग. गोडवाना गोड़ महासभा बालोद फिरता उईके, तहसील अध्यक्ष छ.ग. गोडवाना गोड़ महासभा अर्जुन्दा सेवंत मडावी, तहसील अध्यक्ष छ.ग. गोडवाना गोड़ महासभा गुण्डरदेही दिलीप मंडावी, तहसील शेष पेज 12 पर

**हमला :** ग्राम पेवारी में वाटरशेड निर्माण और परकुलेशन टैंक के निरीक्षण के लिए पहुंची टीम पर हमला

# अतिक्रमण रोकने पहुंचे वन अमले पर ग्रामीणों ने किया जानलेवा हमला, चार घायल, बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंडी

जंगल हमारी प्रकृति की अनमोल धरोहर है, जिनकी सुरक्षा करना हर किसी का कर्तव्य है. लेकिन जब वही संरक्षक असुरक्षित महसूस करने लगें, तो यह चिंताजनक हो जाता है। आदिवासी ब्लॉक के मारकटोला पांचयत के पेवारी गांव का ऐसा ही दुस्साहस सामने आया। जहां जंगल के जमीन पर अतिक्रमण न हो इस उदेश्य से वॉटरशेड निर्माण करना वनकर्मियों को भारी पड़ गया.जिसके फल स्वरूप में पर्कुलेशन टेंक का निरीक्षण करने पेवारी गांव पहुंची वन विभाग की टीम डिफटी रेंजर शिव कुमार चंद्राकर समेत हीरामन रावटे, गोपीराम साहू, जय सिंह हिड़को, हरण सिंह, यश कुमर, कोदू राम की लाठी डंडे से बेदम पिटाई कर दी. जान बचाकर जैसे-तैसे ये सभी इनके चंगुल से निकले और पुलिस व विभाग के आला अधिकारियो से मदद मांगी। इन सभी का डोंडी में प्राथमिक इलाज के बाद सभी को रेफर किया गया है।

- डिप्टी रेंजर शिव कुमार सहित अन्य कर्माचारी जान बचाकर भागे, घायलों का उपचार

**50-60 ग्रामीणों ने लाठी से अमले पर किया हमला**





### फारेस्ट की जमीन पर फिर अतिक्रमण

डोंडी रेंज के वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पेवारी ग्राम में पूर्व में 72 एकड़ जमीन का हितग्राही को वन अधिकार पट्टा दिया गया था अभी लगभग 60 एकड़ रिजर्व फारेस्ट की जमीन पर फिर से अतिक्रमण हैं उच्च विभाग के आदेश पर कार्य करने का आज नीतीजा हम पर हुई जान लेवा हमला है जिससे आज जन हानि भी हो सकती थी आखिर हमारा कार्य अब हम आगे कैसे करेंगे शासन को इस ओर कड़ा कदम उठाना चाहिए जिससे हम वन सम्पदा की रक्षा कर सके।

### जांच के बाद एफआईआर की जाएगी

वहीं ग्रमीण भी वनकर्मियों के खिलाफ शिकायत लेकर थाने पहुंचे थे, लेकिन कुछ देर बाद लौट गए. घटना को लेकर डौंडी वन परिक्षेत्र के रेंज अफसर जीवन भोंडेकर ने बताया कि पेंवारी कक्ष क्रमांक 156 में पर्कुलेशन टैंक का निरीक्षण करने के लिए वन विभाग की टीम पहुंची थी। लेकिन इस बीच ग्रामीणों में सोमनाथ, बेदु राम, अर्जुन, तुलसी राम, तुला राम, भोला राम द्वारा हमला कर दिया, जिससे वनकर्मी घायल हो गए.कुछ समय के लिए वन कर्मी जय सिंह हिड़को, हीरामन सिंह रावटे को बंधक भी बनाया गया था। फिलहाल हमला करने वालों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी है. थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने बताया की मुझे सुबह ही जानकारी मिलते टीम को पेवारी भेज वन विभाग के टीम को पूरी सुरक्षा प्रदान की गई है आगे जाँच कर आरोपीयों पर कार्यवाही की जावेगी।

**लाठी और डंडे से किया हमला-** टीम पर बड़ी संख्य में ग्रमीणों ने हमला कर दिया. 50 से 60 की संख्या में ग्रामीणों ने लाठी-डंडे के साथ हमला किया, जिसमें सभी वनकर्मी घायल हो गए हैं.. टीम को जान बचाकर वहां से भागना पड़ा.जानकारी के अनुसार, डीप्टी रेंजर, वनपाल, दो फॉरेस्ट गार्ड की टीम डौंडी वन परिक्षेत्र अंतर्गत पेवारी कक्ष क्रमांक 156 में पर्कुलेशन टैंक का निरीक्षण करने पहुंचे थे. इस दौरान अचानक लगभग 50 से 60 की संख्या में ग्रामीणों ने लाठी-डंडे से टीम पर हमला कर दिया. घटना के दौरान टीम के साथ ड्राइवर और दो चौकीदार भी मौजूद थे. हमले में चारों वनकर्मी घायल हो गए. ग्रमीणों ने कक्ष क्रमांक 156 में काम करने वाली 5-7 महिलाओं पर भी हमला किया. सभी ने भागकर अपनी जान बचाई.घायलों को डौंडी स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया है. वहीं मामले में वन विभाग की ओर से डौंडी थाना में हमला करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।



### कार की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौके पर मौत

**बालोद।** ग्राम सुवरबोड मोड के पास कार और साइकिल में भिड़ंत हो गई, भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि साइकिल सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रविवार शाम 5 बजे की है। जानकारी अनुसार कंगलु राम कोठारी 70 वर्ष साइकिल से बालोद आया था, जो वापस बालोद से अपने गांव सुवरबोड जा रहा था, तभी भाजपा नेता स्वाधीन जैन बालोद से दल्लीराजहरा की ओर जा रहे थे कार मे स्वाधीन जैन के अतिरिक्त उनके परिजन भी सवार थे। कार ने ग्राम सुवरबोड मोड के पास टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग को सिर और सीने में गंभीर चोंट लगने के कारण मौत हो गई, वही स्वाधीन जैन को भी चोंट आई है, वही उनके परिजन सुरक्षित है, स्वाधीन जैन को जिला अस्पताल लाया गया था जहां से निजी अस्पताल में भतएँ कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक कंगलु राम कोठारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है, शव का सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

## 3 माह के एकमुश्त राशन के लिए सुबह से गांवों में उपभोक्ताओं की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों को तीन महीने का एक साथ चावल बांटने में राशन दुकान संचालकों का पसीना छूटने लगा है। वहीं हितग्राहियों को भी राशन लेने के लिए घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है। बताते है कि एक–एक उपभोक्ता को राशन लेने में एक घंटे तक का समय लग रहा हैं, जिसके चलते इतनी गमएँ में कतारों में खड़े रहना लोगों के लिए किसी बड़ी सजा से कम नहीं लग रहा और राशन दुकानों में भारी भीड़ तथा समय पर राशन नहीं मिलने से विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है। बताया जा रहा है कि वितरण में हो रही देर का कारण दुकानों को बांटी गई नई ई–पॉश मशीनें हैं। इस मशीन में एक हितग्राही को तीन महीने का चावल वितरण करने में 6 बार एंट्री करानी पड़ रही है, जिससे आधा घंटे तक का समय लग रहा है। इधर दूसरी ओर बालोद सहित जिले के सभी ग्रामों में अभी तक लक्ष्य से कम चावल बांटा जा सका है। छूटे हितग्राहियों को चावल वितरण के लिए अब महज आठ दिन ही शेष हैं, क्योंकि सरकार के आदेश के अनुसार तीन महीने का चावल जून माह शेष पेज 12 पर

- सर्वर समस्या के कारण एक एक ग्राहक पर एक–एक घंटे से ज्यादा समय लग रहा है

**एक ग्राहक को छह बार एंट्री प्रक्रिया से गुजरा पड़ रहा है, तब कही मिलता है राशन**





## उपसंचालक ने प्राचार्यों की बैठक में परीक्षा परिणाम पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर आशुतोष चावरे के द्वारा बालोद जिले के सभी हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक तीन चरणों में रखी गई। जिसके प्रथम चरण मे 60 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यों का प्रातः 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक रखी गई। दूसरे चरण मे 60 प्रतिशत से 80 प्रतिशत वाले स्कूलों के प्राचार्यों का दोपहर 12.30 से दोपहर 2 बजे तक एवं तीसरे चरण मे 81 प्रतिशत से 100 तक वाले स्कूलों के प्राचार्यों का दोपहर 2.30 बजे से शाम 4 बजे तक बैठक आहुत की गई। उक्त बैठक में चावरे के द्वारा 2025 में परीक्षा परिणाम संतोषप्रद नहीं आने वाले प्राचार्यों को आगामी परीक्षा की कार्य योजना तैयार किए जाने के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं कड़े निर्देश दिये गये। साथ ही अच्छे परिणाम वाले प्राचार्यों को कार्ययोजना संबंधी आवश्यक निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, एपीसी राजेश्वर राव —दत्त एवं ज़िले के सभी विकास खण्ड के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।





**विधावाओं को पेंशन योजना का लाभ मिला, जाब, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड का किया गया वितरण**

## लाभ संतृप्ति शिविरों में सौगातों की बारिश राहत मिलने से ग्राम-ग्राम में उत्सवी माहौल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के सभी विकासखण्डों के अलग–अलग स्थानों पर प्रतिदिन आयोजित होने वाले लाभ संतृप्ति शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को निरंतर सौगात मिल रहा है। इसके अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखण्ड के अंतिम छोर पर स्थित आदिवासी बाहुल्य ग्राम गुदुम में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में पेंशन योजना से लाभान्वित ग्राम कुंजकन्हार निवासी खेमिन बाई विधवा पेंशन योजना से लाभ लेने के लिए उनके सभी प्रक्रिया पूरा होने पर बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रही थी। इसी तरह शिविर में ग्राम कुंजकन्हार निवासी आनंद राम एवं ग्राम गुदुम निवासी काजल, नवली और सत्यवती ने श्रम कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरा होने पर शिविर के आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की। गुदुम में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में जनपद शेष पेज 12 पर

- आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की कार्रवाई की गई





### 25 सेवाओं एवं योजनाओं से निरंतर लाभान्वित

केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में प्रतिदिन आयोजित होने वाली इन शिविरों के माध्यम से जनजाति परिवार के लोगों को 17 मंत्रलयों के 25 सेवा एवं योजनाओं से निरंतर लाभान्वित किया जा रहा है। आज आयोजित शिविर के दौरान जनजातीय परिवार के हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं नया राशन कार्ड बनाने के अलावा आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा शिविरों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवासहीन परिवारों का चिन्हांकन, जनधन खाता, बीमा कव्हरेज, वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन, नल कनेक्शन के अलावा वनाधिकार पत्रधारी कृषकों को कृषि, मछलीपालन एवं पशुपालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्रवाई की गई। आज आयोजित शिविर के माध्यम से शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिलने तथा उनके समस्याओं का त्वरित निराकरण होने से जनजातीय परिवार के लोग एवं हितग्राहियों में हर्ष व्याप्त है।

## निलंबित शिक्षिका ने बीईओ पर लगाया प्रताड़ित करने और उगाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी की एक वरिष्ठ शिक्षिका द्वारा निलंबित विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे एस भारद्वाज के ऊपर मानसिक एवं आर्थिक प्रताड़ना की शिकायत छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग से किए जाने की जानकारी मिली है। महिला शिक्षिका ने अपने विद्यालय में बार बार निरीक्षण कर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है और अपने कार्यालय में व्यक्तिगत उपस्थित होने और रकम मांगे जाने का आरोप लगाया है। शिक्षिका ने शिकायत पत्र में रकम उगाही व अपमानित करने का सप्रमाण आयोग में शिकायत की है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार निलंबित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठे बैठे अजीबोगरीब कारण बताओ नोटिस जारी करते थे की आप अनियमित रहते है ,विलंब से शाला आते है और जल्दी चले जाते हैं,इसलिए आप स्पष्टीकरण लेकर मेरे समक्ष कार्यालय में उपस्थित होवे। शिक्षिका द्वारा छत्तीसगढ़ महिला आयोग में की गई शिकायत की 12 जून को जिला कार्यालय बालोद के सभागार में महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती किरणमयी नायक ने सुनवाई के दरम्यान फटकार लगाते हुए पूछा की इस विशिष्ट विद्यालय का जितनी सघन निरीछन आपके द्वारा की गई है, डोंडी विकासखंड के और कितने विद्यालयों शेष पेज 12 पर

- विद्यालय का बार बार निरीक्षण कर कारण बताओ नोटिस जारी करने की महिला आयोग में शिकायत करने की चर्चा

## खबर संक्षेप



### ग्राम अर्जुनी में डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**गुण्डरदेही।** ग्राम अर्जुनी में नूतन क्रीड़ा मण्डल एवं ग्राम वासियों के सहयोग से डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का उदघाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू थे। अध्यक्षता सरपंच हेमन्त साहू ने किया। विशेष अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, पूर्व उपसरपंच भरत साहू, बंशी लाल हिरवानी, एचआर. मंडावी, प्रेम लाल साहू, डेहर लाल साहू, बलराम साहू, नीतीश राजा थे। अतिथियों ने खेल मैदान में फीता काटकर उदघाटन किया, अतिथियों ने कहा कि खेल स्वास्थ के लिए लाभ दायक है खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना चाहिए, कार्यक्रम का संचालन भिलेंद्र साहू ने किया। अंपायर बलराम साहू, देवनारायण मंडावी, श्रवण जोशी थे। इस अवसर पर राम प्रसाद साहू, रविकांत साहू, सोनू साहू, खिलेश्वर साहू, तुलसी राम साहू, मिश्री लाल साहू, मंगल साहू, पेनू राम निर्मलकर, अजय साहू, जीतेश साहू, प्रिंस मंडावी, मोनू साहू, लीलाधर साहू उपस्थित थे।

### भाजपा के शक्ति केंद्रों में प्रभारियों की नियुक्ति की

**गुरूर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के अनुशंसा से भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय ने अपने मंडल अन्तर्गत शक्तिकेन्द्रों में पाटएँ कार्यो को गति देने सभी शक्ति केन्द्रों में संयोजक, सह–संयोजक एवं प्रभारी नियुक्त किए। जिसमे शक्तिकेन्द्र खुंदनी संयोजक झालेन्द्र सिन्हा, सहसंयोजक बिसाल दीवान, प्रभारी मेहेत्तर नेताम, शक्तिकेन्द्र नरबदा संयोजक बिसेशर निषाद, सहसंयोजक गोकुल साहू, प्रभारी यादराम साहू, शक्तिकेन्द्र कंवर संयोजक घना राम जेठमल, सहसंयोजक नवीन पटेल, प्रभारी त्रिलोकी राम साहू, शक्तिकेन्द्र पेण्डरवानी संयोजक कुंज लाल साहू, सहसंयोजक छत्रधर साहू, प्रभारी बालचंद टंडन, शक्तिकेन्द्र फागुन्दाह संयोजक तुला राम साहू, सहसंयोजक गिरिश साहू, प्रभारी प्रहलाद साहू, शक्तिकेन्द्र आंनदपुर संजय साहू, सहसंयोजक अजय साहू, प्रभारी हेमन्त साहू, शक्तिकेन्द्र मिरएँटोला (पुरूर) संयोजक गजानंद मरकाम, सहसंयोजक सुरेन्द्र साहू, प्रभारी आदित्य पिपरे, शक्तिकेन्द्र कुलिया संयोजक जनार्दन सिन्हा, सहसंयोजक यालेश साहू, प्रभारी संध्या साहू, शक्तिकेन्द्र चिटौद संयोजक रधुबीर साहू, सहसंयोजक पोखन साहू, प्रभारी तेज राम साहू, शक्तिकेन्द्र बालोदगहन संयोजक रेणुका गजेन्द्र, सहसंयोजक गिरधारी यादव, प्रभारी मीना सत्येन्द्र साहू, शक्तिकेन्द्र कोचवाही संयोजक नरसिंग चोरमार, सहसंयोजक गिरवर बजरंगी, प्रभारी रूद्रप्रकाश साहू नियुक्त हुए।

### हाई सिक्योरिटी नंबर के लिए विभिन्न स्थानों पर लगाए जाएंगे शिविर

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार आम जनता, कार्यालीयीन अधिकारी-कर्मचारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी यथा रोस्मेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड के कर्मचारी उपस्थित रहकर कार्यवाही करेंगें। इसी कड़ी में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने के लिए भिलाई स्टील प्लांट के मुख्य द्वार पर 23 से 28 जून तक, कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई में 23 से 28 जून तक, कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा में 23 से 28 जून तक, जनपद पंचायत कार्यालय परिसर पाटन में 30 से 5 जुलाई तक और जनपद पंचायत कार्यालय परिसर धमधा में 30 से 5 जुलाई तक शिविर लगाये जाएंगे। उक्त प्रस्तावित शिविर में अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमा कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु आर्डर किया जा सकता है।

# निकुम में दिवाली जैसा माहौल, हर घर में जल रहे हैं महादेव के नाम पर दिये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम/भिलाई

दुर्ग जिले से महज 12 किलोमीटर दूर निकुम गांव में इन दिनों हर दिन दिवाली है। पांच दिनों तक ये दिवाली देवाधिदेव महादेव के आगमन पर मनाई जा रही है। जैसे ही शाम होता हैं महादेव के नाम पर हर घर-आंगन दिये से रोशन हो रहे हैं। गांव में उल्लास का ऐसा वातावरण इसलिए है कि यहां पांच दिनों तक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिवमहापुराण कथा चल रही है। पं. मिश्रा के मुताबिक जिस गांव या शहर में शिवमहापुराण की कथा जितने दिन होती है उतने दिनों तक भगवान भोलेनाथ अपना कैलाश छोड़कर वहां वास करते हैं।

## घरों के दरवाजे श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए भी खोल रखे हैं निकुमवासी

### व्यवस्था का कमान यहां के युवाओं के हाथ

शिवमहापुराण में आठ पंडाल लगाए गए हैं। इन आठों पंडालों में करोड़ों शिवभक्त कथा सुनने पहुंचे हैं। ऐसे में व्यवस्था को संभालने में निकुम सहित आसपास के गांव के नवयुवक जुटे हुए हैं। हर पंडाल में शिवभक्तों का मार्गदर्शन करने और जरूरत पड़ने में सभी तरह की सुविधाएं मुहैया उपलब्ध करवाने में नवयुवकों की भूमिका गजब का है।



### घर-आंगन में सजी रंगोली

निकुम गांव में जैसे ही प्रवेश करेंगे तो घर-आंगन में रंगोली भी सजी मिलेगी। रंगोली में देवाधिदेव महादेव और मेरा भोला नगर में आया है इस भाव के साथ रंगोली उकेरी जा रही है। गांव की बेटियां, बहू से लेकर बुजुर्ग महिलाएं तक हर दिन भगवान शंकर का जाप कर रही हैं।

### शिव महिमा अपरंपार



भगवान शिव की महिमा अपरंपार है। ये निकुम गांव के लोगों का भगवान शिव के प्रति आस्था व विश्वास के बल पर शिवमहापुराण कथा मिली है। इसलिए गांव में पांच दिनों तक दिवाली जैसा माहौल है।
**-रूपेश देशमुख,** संयोजक, जय महाकाल समिति

### हर घर में श्रद्धालुओं का है डेरा

निकुम गांव वैसे तो मां निकुंभला देवी के प्रसिद्ध मंदिर की वजह से चर्चित हैं। लेकिन इन दिनों शिवमहापुराण की कथा आयोजन के बाद इस गांव की ख्याति पूरे देशभर में फैल गई है। आस्था चैनल के माध्यम से दुर्ग के निकुम गांव की लाइव शिवमहापुराण कथा पूरे देशभर में देखी व सुनी जा रही है। यहां के ग्रामीणों में भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट आस्था व समर्पण का भाव ऐसा भी देखने मिल रहा है कि हर घर श्रद्धालुओं का डेरा बना हुआ है। लोग न केवल अपने नाते-रिश्तेदार बल्कि किसी भी शिवभक्त की मेहमान नवाजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।

**अव्यवस्था :** कस्टम मिलिंग का बुरा हाल, बाजार में चल रहा करोड़ों का कारोबार

# मिलरों ने उठाया 82 लाख क्विं. धान बदले में सिर्फ 40 फीसदी चावल जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कस्टम मिलिंग की जिले में बुरा हाल है। प्रशासनिक कमजोरी का फायदा उठाकर जिले के मिलर सरकारी धान की जमकर हेराफेरी कर रहे है। कस्टम मिलिंग के लिए उठाए गए धान का मिलिंग कर मिलर इसे बाजार में बेचकर मोटी कमाई कर रहे है। धान खरीदी निपटने के बाद दूसरी सीजन शुरू होने वाला है। लेकिन अब तक वर्ष 2024-25 सीजन का चावल अब तक मिलरों ने जमा ही नही किया है। हालात यह हे कि, अब तक सिर्फ चालीस फीसदी चावल जमा किया गया हैं।

कस्टम मिलिंग का सीधी मानिटरिंग कलेक्टर द्वारा की जाती हैं। लेकिन जिले में कस्टम मिलिंग में जरा भी कसावट नजर नही आ रही हैं। जानकारी अनुसार दुर्ग जिले के मिलरों को मार्कफेड द्वारा 82 लाख 78 हजार 390 क्विंटल डीओ जारी कर दिया गया था। जिसका उठाव भी मिलरों ने कर लिया है। मिलरों द्वारा जितना धान उठाया गया है, उसके अनुसार प्रति क्विंटल धान में 66 किलो यानि करीब 54 लाख 34 हजार 948 क्विंटल चावल जमा करना था। लेकिन दुर्ग के पंजीकृत मिलरों ने सिर्फ 22 लाख 69 हजार 773 क्विंटल ही चावल जमा किया है। जबकि पिछले खरीफ सीजन निकल चुका है और वर्तमान में नए खरीफ सीजन शुरू होने वाला है। इसके बाद भी एग्रीमेंट के नियमों के तहत चावल जमा नही कराया गया है।

## सरकारी धान की जमकर हो रही है हेरा-फेरी



### अंतराष्ट्रीय स्तर पर चावल का बड़ा कारोबार

दुर्ग जिले में 102 मिलरों ने कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन कराया था। पिछले खरीफ 2024-25 में जिले से 1 लाख 6624 किसानों ने 57 लाख 6107 क्विंटल धान बेचा था। इसमें करीब पांच लाख क्विंटल धान संग्रहण केन्द्रों में है। शेष धान मिलरों ने उठाया लिया है। जानकारी अनुसार दुर्ग जिले के मिलरों ने दुर्ग, राजनांदगांव, मानपुर मोहला, खैरागढ, बेमेतरा सहित अन्य जिलो से 82 लाख 34770 क्विंटल धान का उठाव किया है। जिसमें 54 लाख 34 हजार क्विंटल से अधिक चावल जमा करना हैं, जिसमें सिर्फ 22 लाख 66 हजार क्विंटल जमा हुआ है। बताया जाता है कि, मिलर सरकारी धान के चावल को बाहर राज्यों तक सप्लाई करते है। जिसका कारोबार अंतराष्ट्रीय स्तर तक बना हुआ हैं।

### भौतिक सत्यापन नहीं, बाजार में खप रहा चावल

कस्टम मिलिंग के लिए राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी किया गया था। जिसमें जिला प्रशासन को टीम बनाकर राईस मिलरों की भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन कस्टम मिलिंग को लेकर एक बार भी मार्कफेड और फूड विभाग द्वारा सत्यापन तक नही किया गया है। यही कारण है कि, इसका फायदा उठाकर मिलर सरकारी धान से चावल बनाकर इसे बाजार में महंगे दाम पर बेचकर मुनाफा कमा रहे है।

### इथेनॉल प्लांट में चल रहा बड़ा कारोबार

प्रदेश के राजनांदगांव, रायपुर और बेमेतरा जिले में इथेनाल प्लांट लगाया गया हैं। जहां बडे पैमाने पर चावल की खपत हो रही है। बायोगैस बनाने के लिए स्थापित किए गए इस प्लांट में चावल का बडा टारगेट दिया गया है। जिसके चलते प्रदेशभर के मिलर कस्टम मिलिंग में चावल जमा करना छोड, इथेनाल प्लांट के चावल उपलब्ध करा रहे है। यही कारण है कि, कस्टम मिलिंग की धज्जियां उड रही है।


### खरीफ और रबी सीजन का धान भी डंप

खरीफ सीजन का धान उठाव के बाद इसका चावल तो जमा नही किया गया है। वहीं रबि सीजन में भी जिले के मिलरों ने किसानों से सीधे 15 सौ रूपए क्विंटल तक धान की खरीदी की है। सूत्रों ने बताया कि, रबि सीजन के धान का कस्टम मिलिंग कर इसे कस्टम मिलिंग में खपाया जाता है। लेकिन इसके बाद भी निर्धारित टारगेट के मुकाबले मिलरों ने बेहद कम चावल जमा किया है।

**निर्देश दिए गए हैं**

कस्टम मिलिंग के तहत पंजीकृत मिलरों को चावल जमा करने के निर्देश दिए हैं।उन्हें पूर्व में नोटिस भी जारी किया गया था। निश्चित समय पर चावल जमा नहीं करने पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी।
**-टीएस अतरी,** खाद्य नियंत्रक दुर्ग

# सर्प जोड़े की अठखेलियां देखने लोगों की लगी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो सांपो को आपस में लिपटकर अठखेलियां करते फिल्मों में आपने बहुत बार देखा होगा। कुछ ऐसा ही नजारा बालोद शहर के आमपारा में भी देखने को मिला है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह दृश्य बालोद दल्ली मुख्य मार्ग पर स्थित एक नाली का है। जहां एक सांप का जोड़ा, जिसे नाग–नागिन बताया जा रहा है, जो अठखेलियां कर रहा है। नाग नागिन के इस नजारे को देखकर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और लोगों ने सांप के जोड़े की वीडियो बनानी शुरू कर दी। वही लोगों की भीड़ जमा होने के बावजूद भी नाग–नागिन का जोड़ा अपनी जगह से नहीं हिला और अपनी अठखेलियों में मग्न रहा। लोगों ने भी सांप के जोड़े का यह नजारा देखकर भरपूर आनंद लिया। भीड़ ने उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। जोड़ा बहुत देर तक अठखेलिया करता रहा और लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते नजर आया।

## भाजपा मंडल रेंगाडबरी में योग दिवस मनाया



**डौंडीलोहारा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर भाजपा मंडल रेंगाडबरी के द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं द्वारा स्कूल मैदान में योग किया गया, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रेरणादायी नेतृत्व में पूरे भारत देश में अपितु पूरे विश्व में 21 जून को योग दिवस मनाया गया, योग केवल एक व्यायाम नहीं है बल्कि भारत की प्राचीनतम जीवन पद्धतियों में से एक है जो शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का प्रतीक है, योग एक वैश्विक अभियान बन चुका है पूरी दुनिया ने भारत कि इस अतुल्य धरोहर को अपनाया है और इसके लाभ को स्वीकार किया गया है, इस योग दिवस में भाजपा मंडल अध्यक्ष उतरा घरेन्द्र ,महामंत्री पूनम चंद जैन,जगतपाल सिन्हा , जयेश जैन,सेवादास मानिकपुरी मीडिया प्रभारी अमीर दास कृसाणे, टुमन नेताम,अंकुश कुंजाम,लखन माहला,पालसिंह ,बुधेलाल लाल गोरे व भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ,श्रेष्ठ कार्यकर्तागण एवं शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य मोहन लाल शिवने एवं समस्त शिक्षकगण,छात्र छात्राऐं उपस्थित थे।

## धनोरा स्थित 14वीं बटालियन में मनाया गया विश्व योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

14वीं बटालियन धनोरा में योगाभ्यास के साथ विश्व योग दिवस मनाया गया। कमांडेट राजेश कुकरेजा भा.पु.से.के मार्गदर्शन पर पर 14वीं बटालियन धनोरा में विश्व योग दिवस योगाभ्यास के साथ दीर्घायु व स्वस्थ जीवन के लिए कंपनी कमांडर लालदेव सिंह की अगुवाई में विश्व योग दिवस हर्षोल्लास के साथ बनाया गया।



जवानों को योग कराए जाने के साथ योग से होने वाली लाभों के बारे में अवगत कराया गया साथ ही साथ योग का हमारे जीवन में अहम महत्व है इस बारे में भी जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में प्लाटून कमांडर वीरेंद्र सिंह, बैद्यनाथ बंजारे, एपीसी यादराम साहू, विनोद सिंह, बटालियन के मुख्य बड़े बाबू मिथिलेश मंडावी, ऐश्वर्या वर्मा, बीएचएम कमलेश मंडावी एवं अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ पुलिस में योग को महत्व दी जाने पर 14 बटालियन के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों एक सफलतापूर्वक प्रयास किया गया।

## नगझर प्राइमरी स्कूल में सामूहिक सहयोग से हुआ पौधारोपण व परिसर सौंदर्यीकरण



**गुरूर।** शासकीय प्राइमरी स्कूल नगझर मे शाला विकास समिति एवं ग्राम पंचायत व ग्रामवासी के सहयोग से पूर्व में पौधारोपण किया गया था। जिसमे मिट्टी चढाई, क्यारिया बनाया गया। पौधारोपण एवं शाला परिसर मे साफ सफाई अभियान चलाया गया। उपसरपंच अश्वनी उइके के द्वारा बच्चों को न्योता भोज का आयोजन किया गया। सरपंच भूपेश हिरवानी ने शाला परिसर का निरीक्षण कर आवश्यकता नुसार समस्या को हल करने का आश्वासन दिया। प्रधान पाठक के एल साहू, सहायक शिक्षक धनेश यादव, शाला प्रबंधन अध्यक्ष, ग्रामीण एवं बच्चे शामिल थे।

## योग दिवस पर 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर भव्य योग शिविर का आयोजन

**गुण्डरदेही।** एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के थीम पर योग दिवस के अवसर में नगर के पुराना हाई स्कूल मैदान गुण्डरदेही में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, डॉक्टर व प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद शैली महोबिया सहित व्यापारी उपस्थित थे। साथ में स्वच्छता दीदी,



मितानिन बहने, परियोजना महिला बाल विकास के अधिकारी उपस्थित थे। आयुष विभाग के प्रोटोकॉल के अनुसार आयुर्वेद अस्पताल कमरौद डॉक्टर शालेंद्र स्वर्णकार के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। पतंजलि योगाचार्य केशव राम साहू, रामलाल सिंगारे सहयोगी के रूप में मंच में उपस्थित थे। अंत में अनुभागीय अधिकारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन योग करने का संकल्प कराया गया।

पेज 11 के शेष...

### 3 माह के...

में ही शत प्रतिशत वितरण किया जाना है, जिसकी संभावना कम है। ऐसी स्थिति में छूटे हितग्राही चावल से वंचित रह सकते है। वही तीन महिने का चावल वितरण विभाग और राशन दुकानदारों के लिए गले का फांस बन गया है न ही भंण्डारण के लिए गोदाम है और न ही सर्वर साथ दे रहा है।

**गांवों में सुबह 6 बजे से ही राशन के लिए कतार**- जिले के कई गांवों में सरकारी राशन दुकानों के बाहर तीन माह का चावल लेने के लिए राशन कार्ड धारियों की लाईन सुबह 6 बजे से देखी जा रही है, एक एक कार्ड धारियों को राशन वितरण करने के लिए पौन से एक घंटा का समय लग रहा है क्योंकि कई बार ओटीपी आने के बाद ही थम्म लगाने के बाद राशन मिल रहा है। **हितग्राहियों और दुकान संचालकों के लिए सर्वर बना मुसीबत**- जिले के दुकान संचालकों का कहना है कि एक जून से तीन महीने का चावल वितरण करने का आदेश है। इस आदेश के तहत जून माह के खत्म होने के पहले शत–प्रतिशत कार्ड धारकों को तीन महीने का चावल वितरण किया जाना है। इस आदेश के तहत हितग्राहियों को तीन माह का चावल वितरण तो किया जा रहा है, लेकिन वितरण के दौरान नई इंपॉश मशीन में एंट्री करने में काफी परेशानी आ रही है। मशीन की साइज पुरानी मशीन की तुलना में काफी छोटी है, साथ ही साफ्टवेयर की इंटरनेट स्पीड भी कम है, जिससे एक हितग्राही की 6 बार एंट्री कराने में आधा घंटे तक का समय लग जा रहा है। यही कारण है कि दुकान में दिनभर हितग्राहियों की लाइन लग रही है।

### गोंड़ महासभा का...

अध्यक्ष आदिवासी गोडवाना सेवा समिति गुरूर उत्तरा मरकाम, तहसील अध्यक्ष छ.ग. गोडवाना गोड़ महासभा डौण्डी ढालसिंह कुंजाम, तहसील अध्यक्ष छ.ग. गोडवाना गोड़ महासभा डौण्डी आत्माराम कौड़ो, तहसील अध्यक्ष छ.ग. गोडवाना गोड़ महासभा डौण्डीलोहारा इंद्रपाल तुमरेकी, तहसील अध्यक्ष छ.ग. गोडवाना गोड़ महासभा राजहरा रमेश सोरी एवं क्षेत्र अध्यक्ष छ.ग. गोडवाना गोड़ महासभा जिला बालोद उपस्थित रहेंगे। वही 24 जून के कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पूर्व केद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छ.ग. अरविंद नेताम रहेंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष महिला प्रभाग छ.ग. गोडवाना गोड़ महासभा जिला बालोद जितेश्वरी पडोटी व अध्यक्ष छ.ग. गोड़ महासभा प्रेमलाल कुंजाम करेंगे।

### लाभ संतृप्ति शिविरों ...

पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलाव ग्राम पंचायत गुदुम, कारूटोला और अवारी, कुंआगोदी, मरकाटोला, सुरडोंगर सहित आसपास के ग्राम पंचायत के सरपंचगणों के अलावा अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा हितग्राहीजन उपस्थित थे।

**आयुष्मान, राशन कार्ड, आधार कार्डों का वितरण**- डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदुम में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 11 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 09 हितग्राहियों का राशन कार्ड, 05 हितग्राहियों को आधार कार्ड, 10 हितग्राहियों को सामाजिक पेंशन योजना, 02 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 03 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड की सौगात मिलने के अलावा 06 हितग्राहियों को अनुसूचित जनजाति के आवासीहिन परिवारों के रूप में चिन्हांकन, 01–01 हितग्राहियों को विश्वकर्मा योजना और मुद्रा ऋण, 05 हितग्राहियों को महिला सम्मान निधि के अलावा 10 आदिवासी परिवारों के घरों में नल कनेक्शन की सुविधा, 03 हितग्राहियों को विद्युत एवं सोलर कनेक्शन, 02 हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण से लाभान्वित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

**लाभान्वित ग्रामीण और किसान :** इसी तरह वनाधिकार पत्रधारी 04 कृषकों को कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं से तथा 03 कृषकों को मत्स्य विभाग के योजनाओं से तथा 02 कृषकों को पशुपालन विभाग के योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा गुदुम शिविर में उपस्थित 22 लोगों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच करने के अलावा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में चिकित्सकों के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। गुदुम में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय समाज के लोगों को उनके लिए संचालित शासन के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ही उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं की लाभ लेने की अपील भी की गई। शिविर में आज खेमीन बाई, आनंदराम, कुंती बाई, मिलो बाई, आनंद राम, श्रीराम, झुमुकलाल, श्यामा सिंह, गोवर्धन को सामाजिक पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया।

### निलंबित शिक्षिका ने...

का निरीक्षण आपके द्वारा की गई पूरा विवरण व दस्तावेज सहित अगली सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस विद्यालय की तरह अन्य विद्यालयों में सघन निरीछन किया जाना प्रदर्शित करने निलंबित विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अन्य विद्यालयों में जाकर पिछली तारीखों में शालेय निरीक्षण पंजी में लेख किए जाने की जानकारी मिल रही है,जो की निलंबित व अनाधिकृत व्यक्ति के द्वारा शालाओं के शिक्षको पर दबाव बनाकर अभिलेख में कूट रचना किया जा रहा है। गोरतलब है की शिक्षको एवं शालाओं की युक्तियुक्तकरण में गंभीर अनियमितता व लापरवाही करने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी को संभागायुक्त राजस्व संभाग दुर्ग द्वारा निलंबित कर दिया गया है,निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बालोद रखा गया है।

## कुसुमकसा क्षेत्र में चोरियों की वारदात बढ़ी, एसपी को ज्ञापन

**कुसुमकसा।** पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने प्रतिनिधिमंडल के साथ जिला पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल को पत्र सौंपकर कुसुमकसा क्षेत्र में रात्रि में हो रही चोरिया पर अंकुश लगाने और आसामाजिक तत्वों का क्षेत्र में विचरण से किसी अनहोनी को देखकर उचित कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि कुसुमकसा क्षेत्र में छोटी बड़ी चोरियां होती आ रही है लेकिन एक भी आरोपी पकड़ में नहीं आया है पिछले वर्ष एक साथ आठ दुकानों से सटर तोड़कर चोरी हुआ , जिसमें दुकान दारों को लाखों का नुकसान हुआ था । तब प्रशासन ने ग्रामीणों की मांग पर पुलिस बल रात्रि में तैनात किया था । पुलिस बल के द्वारा रात्रि में गस्ती के बाद ग्रामीण जन बिना डर के रह रहे थे । लेकिन पिछले कुछ दिनों से पुलिस बल को हटा दिया गया है । जिससे फिर से ग्रामीणों के बीच किसी अनहोनी को लेकर डर का माहौल उत्पन्न हो रहा है। भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हो इसलिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाना अति आवश्यक है । पुलिस अधीक्षक ने संजय बैंस जी को बातों से गंभीरता से लेकर तुरंत कुसुमकसा बस स्टैंड चौक में रात्रि कालीन पुलिस तैनाती के आदेश दिए और दूसरे दिन से ही पुलिस की तैनाती प्रारंभ कर दिया गया । पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस की तैनाती से हमारे ग्रामवासी निश्चिंत रहेंगे और असामजिक तत्वों पर भी रोक लगेगा। इस अवसर पर राम जानकी के अध्यक्ष संतोष जैन गौरी शंकर साहू पुष्पजीत बैंस अशोक धर्मगुड़ी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आमटी में मनाया गया

**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी में दिनांक 21 जून 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन योग शिविर का आयोजन शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला आमटी पुरानी बस्ती में किया गया था। योग की महत्व को बताते हुए ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच श्रीमती दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी ने कहा कि योग के माध्यम से हम अपने शरीर के साथ अपने मन को भी स्वस्थ एवं तनाव मुक्त रख सकते हैं, योग से हम अपने शरीर को निरोगी रख सकते है। अतः हमे प्रतिदिन योग करना चाहिए ।उक्त योग शिविर में सरपंच श्रीमती दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी के साथ साथ मोहन लाल ठाकुर, सोमन निर्मलकर (सचिव), देवकुमार, कुलदीप यादव, कन्हैया चौधरी, जसवंत वर्मा शशिकला चौधरी सुदर्शन साहू एवं आमटी स्कूल के शिक्षकगण श्री ईश्वर देशमुख, पंचराम देवांगन, पुष्पांजलि देशमुख, नीरज बेलचंदन, हेमंत टांडिया एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### रेंगाडबरी में मनाया गया योग दिवस



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में 21जून दिन शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हाई स्कूल परिसर रेंगाडबरी में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर ग्रामवासियों के साथ योगाभ्यास कर सभी को शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर एक पृथ्वी एक स्वस्थ के उद्देश्य को सार्थक करने के लिए योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि भारत की प्राचीनतम जीवन पद्धति में से एक है जो शारीरिक मानसिक और आत्मिक संतुलन का प्रतीक है, यह न केवल तनाव मुक्त रखता है, बल्कि जीवन को अधिक अनुशासित और सकारात्मक बनता है एवं साथ ही साथ सभी ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया, इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक गण एवं हाई सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष जयेश जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष रेंगाडबरी, उत्तरा घरेन्द्र, पुनम चंद जैन, पालसिंग यादव, टुमन नेताम, सेवा दास मानिकपुरी, ताम्रजध्वज भसगौरी, रामभुवन निषाद सहित अन्य ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे।

### एकलव्य महाविद्यालय में योग दिवस मनाया गया



**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब व भारतीय यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 21जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा योग दिवस मनाया गया। जिसमें सहायक प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्राध्यापकों ने योग के महत्व के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किये तथा विभिन्न योगासन किये ।

**कार्रवाई : चोरी कर वाहन दल्लीराजहरा एवं राजनांदगांव ले गये थे**

# चोरी की दो चेन माउंटेन और एक वाहन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

ग्राम गोड़पाल के रेत खदान से चोरी हुए दोनो चैन माउटेंन के साथ चार आरोपियो को थाना बालोद पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई। चोरी के दो चैन माउण्टेन मशीन और स्वीप्टर को बालोद पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी सिप्टर वाहन से दोनो चैन माउण्टेन मशीन को चोरी कर दल्लीराजहरा एवं राजनांदगांव ले गये थे। क्षेत्र में हो रहे चोरी को रोकने एवं छोटी बड़ी चोरी को गंभीरता पूर्वक लेते हुऐ आरोपी को पकड़ने हेतु बालोद थाना निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय द्वारा एक विशेष टीम गठित किया गया था।

मामले मे 16 जून को संयुक्त जांच दल राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा ग्राम गोड़पाल ग्राम पंचायत मुल्लेगुड़ा में स्थित सूखा नदी से अवैध रेत उत्खनन के संबंध में जांच किया गया, जांच टीम द्वारा नदी के सतह से अवैध रेत उत्खनन के पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने पर टीम द्वारा उत्खनन कार्य में संलग्न चैन माउण्टेन मशीन के चैन के निशान का पीछा करते हुए नदी के उत्तर पूर्व दिशा में लगभग 230 मीटर जंगल में दो चैन माउण्टेन मशीन 01. जेसीबी 205 पीला रंग एवं टाटा हिवाची नारंगी रंग 200 लावारिश हालत में हुचकी पहाड़ी के नीचे पाया गया। जिसे संयुक्त जांच दल द्वारा दोनो चैन माउण्टेन मशीन को जप्त कर मौके पर शीलबंद कार्यवाही कर मशीन में नोटिस चस्पा किया गया, जप्त दोनो चैन माउण्टेन मशीन को वन विभाग के परिसर नारागांव कक्ष क्रमांक 46 आर.एफ. मे रखा गया था जहां से चोरी हो गया था, जिसकी वनपरिक्षेत्रधिकारी गुरूर वन परिक्षेत्र गुरूर हेमलता उइके की रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपियों से हिरासत में की गई पूछताछ



विवेचना के दौरान आरोपियों ग्राम माहुद थाना अजुर्न्दा जिला बालोद हाल नंदई चौक कोठार पारा वार्ड न.48 राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव निवासी ओंकार साहू पिता जगतु राम साहू 30 वर्ष, सुभाष चौक दल्ली राजहरा वार्ड क्रमाक 19 थाना राजहरा जिला बालोद निवासी देव निषाद पिता गंगा राम निषाद 24 वर्ष, वार्ड क्रमांक 07 कालेज रोड दल्लीराजहरा थाना दल्लीराजहरा जिला बालोद निवासी रवि राव पिता कृष्ण राव 30 वर्ष, केवटलिया थाना बासडीह जिला बलिया (उ.प्र.) हाल नदई चौक चौखडिया पारा राजनांदगांव थाना बसंत पुर जिला राजनांदगांव निवासी मीन्टु कुमार पासवान पिता मोती लाल पासवान 25 वर्ष को हिरासत मे लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर आरोपियो ने बताया कि दोनो चैन माउण्टेन मशीन को माइनिंग विभाग द्वारा नोटिस चस्पा कर जप्त किये है जानते हुए भी सिप्टर गाड़ी में लोड कर बारी बारी एक को दल्लीराजहरा झरन मंदिर के पास एवं दूसरे को राजनांदगांव ले जाना बताये। आरोपियों के बताये अनुसार चौन माउण्टेन मशीन जेसीबी 205 पीला रंग को राजनांदगांव से एवं टाटा हिवाची नारंगी रंग 200 को झरन मंदिर के पास दल्लीराजहरा से बरामद किया गया है। मामले मे आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### चोरी की बाइक बरामद, दो आरोपी जेल दाखिल

**बालोद।** वर्ष 2023 में चोरी हुई बाईक को सशक्त ऐप से पकड़ने में सफलता मिली। सेमर थाना रतनपुर जिला बिलासपुर वर्तमान बालोद निवासी धीरज कुमार ढीवर पिता प्रहलाद 40 वर्श द्वारा 18 अगस्त 2023 को मोटर सायकल हीरो स्प्लेण्डर क्रमांक सीजी 10 ए.एफ. 7477 का बालोद जियो मोबाईल कंपनी के ऑफिस के सामने से चोरी होने का रिपोर्ट दर्ज कराया था। मामले मे अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था कि मुखबिर से पता चलने पर चोरी के मोटर सायकल नंबर प्लेट बदलकर बालोद नयापारा के आगे चौक पड़कीभाट बाईपास के पास ग्राहक का तलाश कर रहे है की सूचना पर एक हीरो स्प्लेण्डर मोटर सायकल के सामने नंबर प्लेट मे सीजी 05 के 7500 लिखा था, पीछे का नंबर नही था, तब संदेहीयों से मोटर सायकल के कागजात पेश करने बोला गया, जो पेश नही किया। जिसे सशक्त ऐप से चेक करने पर चोरी का मोटरसाइकिल होना जानकर आरोपियों से पुछताछ करने पर बताया कि घटना दिनांक को बालोद मधु चौक से पाररास जाने का रोड जियो ऑफिस के सामने से चोरी करना तथा मोटर सायकल को अपने गांव ले जाकर नंबर प्लेट को निकालकर गंगरेल बांध के बहती नाला मे फेंकना और उसके जगह पर सामने मे नंबर प्लेट मे सीजी 05 के 7500 लगाकर चलाना बताया। मामले मे आरोपियों बालोदगहन थाना पुरूर निवासी अभिजीत सूर्यवंशी उर्फ कुनाल पिता रघुवीर सुर्यवंशी 20 वर्ष, बालोदगहन थाना पुरूर थाना व जिला बालोद निवासी अभिषेक कुमार साहू पिता लोकेश कुमार साहू 20 वर्ष के कब्जे से प्राथऍ के चोरी गई मोटर सायकल हीरो स्प्लेण्डर क्रमांक सीजी 10 ए.एफ. 7477 को बरामद कर जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# जैन मुनियों के मंगल प्रवेश पर महिलाओं ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

गणाधीश प्रन्यास प्रवर श्रीविनय कुशल गणि जी मसा के शिष्य रत्न श्रीनंदीषेण मुनिजी मसा उग्र तपस्वी पन्यास प्रवर वीरभद्र मुनि मसा (विराग मुनिजी) भव्यमुनिजी मसा सुहस्तिभद्र मुनिजी मसा बालमुनि हंसभद्र मुनिजी मसा आदि ठाना पांच का शुक्रवार को सुबह मंगल प्रवेश हुआ।संघ समाज के लोगो ने नगर की सीमा से मुनिवृन्द को विभिन्न धार्मिक जयघोष के साथ नगर में मंगल प्रवेश कराया। उक्त अवसर पर नगर की महिलाओं ने सुंदर विभिन्न धार्मिक चित्रों के साथ मुनिवृन्द की अगुवानी की।संघ समाज के लोगो ने साधु वृन्द के साथ पद विहार में सहभागिता निभाते हुए उन्हें नगर के जिनकुशल जैन उपाश्रय प्रांगण तक लेकर के आए।मुनिवृन्द ने नगर के लोगों की धार्मिक भावनाओं की अनुमोदना करते हुए निरन्तर धर्म की प्रभावना करने जिनशासन की सेवा करने व जिनवाणी श्रवण की प्रेरणा दी साथ ही मंगलपाठ का श्रवण कराया। मुनिवृन्द सर्वप्रथम नगर स्थित श्रीशान्तिनाथ जिनालय जैन मंदिर गए व वहाँ विराजित जिनप्रतिमा के दर्शन वंदन करते हुए परमात्मा की स्तुति की। **वर्षावास 10 जुलाई से प्रारंभ होगा-** संघवी पारख व बाफना परिवार ने मुनिवृन्द को बधाया— संत मुनिराज के नगर आगमन के साथ ही विवेकानंद चौक के समीप संघवी पारख परिवार ने व जैन मंदिर के समक्ष संघवी बाफना परिवार ने विधिवत चौकी पाटा में चावल व श्रीफल से गवली अर्पण कर मुनिवृन्द को हर्ष हर्ष जय जय के धार्मिक नारों के साथ बधाया व हर्षातिरेक से सुंदर आगुवानी की।संघ के संतोष पारख व आशीष बाफना ने बताया कि संतद्वय का अल्प प्रवास हेतु नगर आगमन हुआ है।मुनिश्रीजी का इस वर्ष का वर्षावास राजनांदगांव संघ को प्राप्त हुआ है। इस वर्ष का वर्षावास 10 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है।जैन साधु साध्वियों के पद विहार का क्रम निरन्तर जारी है।चातुर्मास के नियत तिथि के पूर्व नियत ग्राम व शहर में पहुँचना अनिवार्य होता है।उल्लेखनीय है कि मुनिवृन्द में शामिल विरागमुनि जी मसा ने लगभग एक डेढ़ वर्ष पूर्व ही 171 उपवास की उग्र तपस्या की थी।इसके पूर्व वे अनेकों उग्र तपस्या कर चुके है।मुनिवृन्द में नवदीक्षित बालमुनि हंसभद्र मुनिजी भी शामिल है।

# योग दिवस पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर



योग दिवस के अवसर पर हाई स्कूल मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक शाला ठेकवाडीह के द्वारा संयुक्त रूप से 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शाला परिसर हाई स्कूल में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें योग की अलग–अलग प्रकार से योगा अभ्यास कर योग के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। जिसमें प्राचार्य केएल साहू ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य छात्रें और स्टाफ के बीच शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के महत्व को स्थापित करना था। योग से जुड़कर हमने केवल स्वयं को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि समाज में अनुशासन आत्म नियंत्रण और भावना का भी प्रसार करते हैं, योग से तन और मन दोनों का विकास होता है, इसके नियमित अभ्यास से जीवन में स्थिरता और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। हम सभी लोगों को प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए जरूर निकालना चाहिए। इस अवसर पर तीनों शालाओं के शिक्षकगण, प्राचार्य हाई स्कूल केएल साहू, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल माधोराम मरकाम, प्राथमिक प्रधान पाठक गेशवरी लावत्रे, टीआर गंगबेर, रुपेंद्र साहू, ताम्रध्वज उमरे, मीना साहू, तारिणी साहू, शिक्षक रामचंद्र ठाकुर, भूषण लाल यादव, नीरा साहू, खिलेश्वर नेताम, तोरण लाल ठाकुर, नूतन मंडावी, वीरेंद्र नागवंशी, प्रमोद कुमार साहू, पंचायत सचिव बेनू राम गुरुवाणी, नुतन कुमार, अर्जुन साहू, मदन मोहन साहू, हेमंत साहू सहित छात्र–छात्र एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## खर्रा के सरस्वती शिशु मंदिर में योग दिवस पर विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा के छात्र छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के विभिन्न आसन व प्राणायाम किया। आचार्य कामता प्रसाद साहू, छबिलता पटेल ने प्राणायाम अनुलोम विलोम, भत्रिका, कपाल भाति, भ्रामरी, उज्जई, शीतलीकरण आसन में पद्मासन, वृक्षासन, ताड़ासन, धनुरासन का अभ्याश किया।

प्रधानाचार्य फलदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सुखित राम कलिहारी ने योग एवं प्रणायाम के महत्व को बताते हुए कहा कि नियमित योग करके हम स्वस्थ व निरोगी जीवन व्यतीत कर सकते हैं। प्राणायाम के माध्यम से उच्च रक्त चाप मधुमेह, मोटापा आदि बीमारी हमसे कोसों दूर हो जाता है। योग एवं प्रणायाम भारतीय संस्कृति की प्राचीन परम्परा है। ऋषि, मुनि व योगी प्रणायाम करके लंबी उम्र तक स्वस्थ रहते थे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम की सफल बनाने में प्रधानाचार्य फलदेव साहू, आचार्य सुखित राम कलिहारी, आचार्य कामता प्रसाद साहू, चितेशवरी साहू, लिलेश्वरी साहू, रेणुका सिन्हा, छबिलता पटेल, रंजना सिन्हा एवं बाल भारती शिशु भारती के पदाधिकारियों का महत्व पूर्ण योगदान रहा।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विनायकपुर में योग दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विनायकपुर में प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सच्ची भावना एवं उत्साह से मनाया गया। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 11वें संस्करण का शुभारंभ मंत्र उच्चारण एवं सूक्ष्म व्यायाम के साथ हुआ। तत्पश्चात छात्र/छात्राओं ने विभिन्न आसनों एवं सुर्य नमस्कार का अभ्यास व्याख्याता डी साहू एवं व्यायाम शिक्षिका मीनाक्षी नेताम के निर्देशन में किया योगाभ्यास का समापन ध्यान एवं विभिन्न प्राणायाम के अभ्यास के साथ किया गया। योग किस प्रकार एक शारीरिक व्यायाम ही नहीं जीवन शैली है जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ्य बनाता है। यह ज्ञापित करने हुए प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत ने आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में योग के बढ़ते हुए महत्व के संबंध में बताया एवं उपस्थित जनों का धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने जीवन मे स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करने का संकल्प दिलाया । रेडक्रॉस व स्काउट गाइड प्रभारी प्रेमलता योगी,मीनाक्षी नेताम ने योग शीर्षक को ध्यान में रखते हुए चित्रकला,निबन्ध व स्लोगन प्रतियोगिता अयोजित कराया जिसमे बड़ी संख्या मे रेडक्रॉस वालेंटियर्स ने भाग लिया, योग का थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग का चित्र संध्या देशमुख ने बना के लोगों दिखाया की योग का महत्व जीवन मे बहुत मायने रखता है । चित्रकला मे प्रथम भावना निर्मलकर, द्वितीय मुस्कान देवांगन, निबन्ध मे प्रथम नंदिता चंद्राकार, द्वितीय पलक देवांगन तृतीय भेणु देवांगन तथा स्लोगन मे प्रथम ईशा पटेल रही।

इस अवसर पर शाला के ग्राम सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार, शाला के बी के गंगारले, एस उमरे,आर के देशमुख,एस के साहू,एम साहू,पी कोसले,एम तिवारी,यु ठाकुर,एल जोशी,जी के चंद्रकार, संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, टी साहू, रीतू एवं कुल 105 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 14.71 लाख की ठगी

**भिलाई।** फ्लाइट बुकिंग का झांसा देकर प्रोफेसर से लाखो रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। ई स्काई फ्लाइट बुकिंग कंपनी में आनलाईन टिकिट बुकिंग में कमीशन बेस पर लाभ दिलाने का झांसा देकर पीड़ित से 14 लाख 71 हजार 453 रुपए का ठगी किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंडी प्रांगण में योगाभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य, कल्याण और शांति के लिए योग के लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन को मनाने की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर हुई थी, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2014 में स्वीकार किया था। पहला योग दिवस 2015 में मनाया गया था। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, जो तनाव कम करने और एकाग्रता बढ़ाने में मदद करता है,योग शरीर को लचीला और मन को शांत बनाता है। यह एक जीवनशैली है जो हमें स्वस्थ, शांत और खुश रहने की दिशा में ले जाती है। इसी तारतम्य में नगर के मंडी प्रांगण में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में योग, प्राणायाम किया गया जिसमें कुसुम शर्मा मंडल अध्यक्ष, देवेंद्र जयसवाल जिला उपाध्यक्ष, सुमेंद्र देशमुख, दुष्यंतगिरी गोस्वामी महामंत्री, लाल निर्वेद्र सिंह टेकाम नगर पंचायत अध्यक्ष, लाल कौशलसिंह टेकाम, संदीप जैन उपाध्यक्ष, पलाश गुप्ता, धर्मेंद्र निषाद मंत्री,नेहा उपाध्याय नगर पंचायत उपाध्यक्ष, सुभद्रा दांडेकर, सूर्यकला ठाकुर पार्षद,धीरज जैन,महावीर जैन,डोमेन्द देशमुख लीलेंद्र सिन्हा प्रीतम साहू, प्रकाश साहू, धीरेन्द्र टांक, हिरेंद्र गायकवाड़ प्रणव साहू,निखिल शर्मा,मनीष राजपूत, थानेश्वर यादव, दिलीप बाफना, हेमचंद सिन्हा, मोहन निषाद, डाल साहू, राजेंद्र निषाद ,चैनसिंह निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।



### चिल्हाटी स्कूल में योग दिवस मनाया गया

डौंडीलोहारा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में ग्राम पंचायत स्तरीय 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चे, बुढ़े, जवान, एवं महिला व पुरुष सभी ने एक साथ योग किया। 11वां विश्व योग दिवस का विषय एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग को चरितार्थ करता हमारा योग दिवस है। योगाचार्य के रूप में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला के शिक्षक नीलकंठ धनकर ने विश्व योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार सुबह 6.30 बजे से 7.45 बजे तक उपस्थित सभी स्कूली बच्चों, ग्रामीणो और जनप्रतिनिधियों को योगाभ्यास कराया।इस अवसर पर 139 स्कूली बच्चों व 21 ग्रामीण तथा 16 जनप्रतिनिधि तथा 6 शिक्षको ने योगाभ्यास में भाग लिया। इस योगाभ्यास में मुख्य रूप से हुमलेश्वरी भुआर्य सरपंच ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला, सचिव रुप चंद यदुवंशी, रोजगार सहायक प्रेम साहू व स्वास्थ्य विभाग से जांगड़े मैडम, प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र, राजेश यादव, शिक्षक जानकी देशमुख तथा सहायक शिक्षक रेखा देशमुख, हितेश्वरी साहू एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लीलाधर भूआर्य, ग्रामीण ओम भुआर्य, खिलेन्द्र कुलदीप व महिला स्व-सहायता समूह के महिलाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ योगाभ्यास में शामिल होकर विश्व योग दिवस को सफल बनाया।

### पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने नितिन नवीन से भेंट की



**गुरूर।** पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने अपने पटना प्रवाश के दौरान नितिन नवीन से भेंट की। इस दौरान पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCom
MCom
MSC Chemistry/CS
BCA AICTE Approved
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diploma in YOGA
Anda, Durg
: 9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
100% CAMPUS PLACEMENT
TEAM CREATIVE
मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम – दानीटोला, पोस्ट – भैसबोड़, तहसील – डौंडी, जिला – बालोद (छ.ग.)
09229820000, 07470542137

खबर संक्षेप



## भरदाखुर्द शाला प्रांगण में किया गया पौधारोपण

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला भरदाखुर्द में एक पेड़ मां के नाम की थीम पर शाला प्रांगण में छायादार करंज के पौधो का रोपण किया गया। पौधारोपण प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार साहू के मार्गदर्शन मे किया गया। महेन्द्र कुमार साहू द्वारा अपने गृह ग्राम में भी फूलदार, फलदार छायादार पौधे जैसे बरगद, पीपल, आम, नीम, गुलमुहर का पौधारोपण कार्य किया गया है तथा पानी सींचने व सुरक्षा प्रदान करने का कार्य भी उनके द्वारा किया जा रहा है। कर्मचारी संघ खलारी तथा ग्राम पंचायत खलारी द्वारा रोपे गए पौधों को भी निःस्वार्थ भाव से सींचने व सुरक्षा प्रदान करने का कार्य महेन्द्र कुमार साहू के द्वारा किया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण में पूर्णिमा देशमुख, पुष्पेन्द्र देशमुख तथा बच्चे शामिल थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण



**गुरूर।** आदिवासी बालक आश्रम बगदई मे शाला परिसर एवं आश्रम परिसर मे एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत आम, अमरूद, कटहल, नीम, आवंला आदि पेड़ों का पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में आश्रम अधीक्षक रूपेश गौतम, उपसरपंच गौकरण कलिहारी, खुमान सिंह आर्य, शहंशाह कुरैशी, मंजू श्रवण, होमेश योगी, श्यामरथ सिन्हा, यशवंत निषाद, उदराज कुमार एवं ग्रमीण जन एवं समस्त छात्र उपस्थित थे।

## तनाव और भाग दौड़ के जीवन में योग लाभप्रद



**बालोद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न योगाभ्यास छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि युवा वर्ग के लिए आज योग अत्यंत आवश्यक हो गया है ताकि वह तनाव और भाग दौड़ की जिंदगी में शरीर और मन को राहत प्रदान कर सकें। योग एवं प्राणायाम हमारी जीवन शैली का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। इस अवसर पर स्थानांतरित शिक्षकों एनएस डड़सेना, जयकुमार वर्मा, क्रांति गुहा नियोगी का सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शाला विकास समिति की बैठक कभी आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिनिधि मंजू श्रीवास ने शाला के छात्र–छात्राओं के विकास हेतु मानसिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम के आयोजन का प्रस्ताव दिया। इसके अलावा शाला की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उपलब्ध संसाधनों पर चर्चा की गई।

### दिवस : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विभिन्न संस्थानों में किया गया योग

# योग दिवस पर जेल में बंदियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला जेल बालोद में निरुद्ध बंदियों को बालोद आर्ट आफ लिविंग परिवार के योग शिक्षक रविप्रकाश पांडेय ने योग कराकर उन्हें योग का लाभ बताया। योगासन के अंतर्गत उन्होंने वज्रासन, भुजंगासन, धनुआसन, सूर्यनमस्कार, अनुलोम विलोम जैसे योग करने से होने वाले फायदे को बताया। रविप्रकाश पांडेय ने कहा कि हमारे दैनिक दिनचर्या में योग का महत्वपूर्ण योगदान है, योग नियमित करने से शरीर मे स्फूर्ति बनी रहती है योग करने से व्यक्ति निरोग रहता है, योग ध्यान और आध्यात्म में वो शक्ति है जो व्यक्ति के व्यक्तित्त्व को निखारता है हम जहां भी हो प्रातः योग ध्यान का अभ्यास जरूर करें। योग दिवस के अवसर पर योग शिक्षक रविप्रकाश पांडेय का जेल प्रभारी एसपी कुर्रे ने आभार व्यक्त किया एवं समय समय पर जेल में आकर बंदियों को अपने योग के गुण सिखाने का निवेदन भी किया।





## ग्राम ओरमा में बच्चों के साथ सरपंच ने किया योगाभ्यास

बालोद। ग्राम ओरमा में योग दिवस के अवसर पर सरपंच द्वारा प्रातः स्कूली बच्चो के बीच पहुंच योगाभ्यास किया तथा बच्चो को इससे होने वाले फायदो के बारे मे बताया। जिसमे सरपंच सहित पंचायत प्रतिनिधि स्कूल बच्चे शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम जनपद सदस्य मोहिनीस पार्कर द्वारा छोटे–छोटे बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। ग्राम पंचायत ओरमा मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासन की निर्देशानुसार ग्राम पंचायत ओरमा मुख्यालय में



प्राथमिक शाला मैदान में ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू, जनपद सदस्य मोहिनीस पार्कर, उपसरपंच बलराम यादव, पंचायत सचिव संतोष साहू, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला विकास कुमार यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमलेश्वरी साहू, साला विकास समिति के अध्यक्ष बीना साहू, पंच सुदामा साहू, पंच सगुना साहू, पांच विश्वाकांत भारद्वाज, आंगनवाड़ी सहायिका पंचायत कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की अनुपस्थित थे।

## मुड़गहन प्राथमिक शाला में किया सामूहिक योग अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्राथमिक शाला मुड़गहन में 11वे अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के अवसर पर शिक्षक बच्चे एवं ग्रामीण सामूहिक योगा अभ्यास किया। इस अवसर पर शिक्षक एच के शिवेंद्र द्वारा बच्चों को अलग–अलग योग के बारे में बताते हुए योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के दौरान सरपंच रेशमा सिंन्हा ने योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि योग केवल हमारे शारीरिक ही नहीं बल्कि बुद्धि एवं मानसिक रूप से भी मजबूत बनती है, यह हमारे सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य धन है हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजक जागरूक बनने के साथ ही हमारी प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा वह संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर सचिव कौशल चंदन रोजगार सहायक रामदयाल, रोहित सहित बच्चे ग्रामीण उपस्थित थे।

## समता भवन के योग शिविर में किया आसनों का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व योग दिवस के अवसर पर जैन श्रीसंघ के तत्वावधान में समता भवन में योग शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमे योग प्रशिक्षक धनकर ने योग का महत्व बताते हुए विभिन्न आसन करवाये। उन्होंने कहा कि निरोग रहने के लिये प्रतिदिन योग करना आवश्यक है, इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। प्रतिदिन एक घंटे का समय अपने शरीर के उत्तम स्वास्थ्य के लिये अवश्य दें। हम योग करें और भावी पीढ़ी को भी इसके लिए प्रेरित करे,क्योकि ये ही हमारे देश के कर्णधार है। इस अवसर पर सीए मुकेश श्रीश्रीमाल ने प्रशिक्षक धनकर एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार एवम धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने कहा कि हमे गर्व है कि हमारे प्रधानमंत्री की प्रेरणा से 2015 से पूरे विश्व ने 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी। योग को प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ रहने की बात कही। इस अवसर पर रूपचंद गोलछा, मांगीलाल ढ़ेलडिया, मनोहर नाहटा, सोहन नाहटा, निर्मल नाहटा, ज्ञानचंद ललवानी, प्रमोद गोलछा, कमल पारख, हितेश पारख, महेंद्र नाहर,, महिला मंडल की सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




## गुंडरदेही के बैडमिंटन ग्राउंड में विभिन्न आसनों का योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही के बैडमिंटन ग्राउंड में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम रही "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग", जो वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन के प्रति जागरूकता का संदेश देती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर एसडीएम प्रतिमा ठाकरे, तहसीलदार कोमल धुरव, जनपद सीईओ महेंद्र कुमार जांगड़े, नगर पंचायत सीएमओ किरण पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, बीएमओ मारकंडे सर परियोजना अधिकारी, पार्षदगण शैल महोबिया, पूजा बिंझेकर, हेमंत सोनकर, केशव साहू, आयुष्मान योग शिक्षक, सिंघारे, छगन सोनकर, मनीष चौरड़िया, अशोक महोबिया, राजेश नामदेव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नगर पंचायत कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं युवा साथी उपस्थित थे। योग दिवस पर उपस्थित सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया और योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों को अनुभव किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमोद जैन ने उपस्थित जनसमूह को योग को जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई। कि हम योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाकर समग्र स्वास्थ्य, सामाजिक स्थिरता एवं आध्यात्मिक शांति की ओर अग्रसर होंगे। इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि योग केवल शरीर की कसरत नहीं, बल्कि आत्मा के उत्थान, संयम, समत्व और संतुलन का महान सूत्र है, जो जीवन को पूर्णता की ओर ले जाता है।





## साल्हेभाट में मनरेगा मजदूरों ने योग दिवस पर किया सामूहिक योगाभ्यास

**गुरूर।** योग दिवस के अवसर पर ग्राम साल्हेभाट में चल रहे रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य कर रहे लोगों में योगाभ्यास का अलग ही उत्साह देखने मिला। जहां मनरेगा में मजदूर योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कर योग दिवस को सफल बनाएं। इस अवसर पर भुवनलाल, द्वारिका भुआर्य, राम भरोसा, राजू राम साहू, योगेश कुमार साहू, देवश्री, लक्ष्मी नारायण मरकाम, कमलेश यादव, मीना साहू नीलम धुर्वे, अनसूया मधुवन एवं समस्त मजदूर योगाभ्यास किये।

## विजन इंग्लिश स्कूल आमदी में विश्व योग दिवस पर विद्यार्थियों ने जाना योग का महत्व

**गुरूर।** विश्व योग दिवस पर जगह–जगह योग का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में विजन इंलिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल आमदी में भी योग का कार्यक्रम हुआ। इसमें योग शिक्षक योगेश साहू एवं योगराज साहू, प्रेमनारायण ने योग के आसन बताए। उन्होंने बताया कि योग का हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण स्थान है। योग न केवल हमारे तन को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को भी स्वस्थ रखता है। योग से मन में सुविचार आते हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को योग अपनाना चाहिए। शिक्षक यंत कुमार साहू ने कहा कि आज पूरा विश्व योग के महत्व को समझ गया है और यही वजह है कि पूरे विश्व में 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है। आज के दिन छोटे–बड़े हर लोग योग करते हैं। शिक्षक मोरज ध्वज एवं टोपेश्वर साहू ने कहा कि योग सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि हमें हर रोज करना चाहिए और दुसरो को भी योग करने के लिये प्रोत्साहित करनी चाहिए, साथ ही रसायन के व्याख्याता प्रताप सिंह ने कहा कि योग शब्द का व्यापक अर्थ हैं लेकिन सबसे सटीक अर्थ है जुड़ना हम लोगों से जुड़े तो सहयोग होता है। हम प्रकृति से जुड़े तो योग होता है। हम ईश्वर से साक्षात्कार करने का प्रयास करें तो योगी कहलाते हैं। इस प्रकार से योग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है इसे अपनाए रखें और स्वयं के स्वस्थ को दुरुस्त रखते हुए समाज के कल्याण में सहभागी बनें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण विश्व के समग्र स्वास्थ्य, सौभाग्य एवं समृद्धि के लिए सभी बच्चों ने योग दिवस में योग किये, इस आयोजन में उपेंद्, गोवर्धन, भूमिका, एच. यादव, उर्वशी, डॉली, लाकेश्वरी, कनक, किरण, स्मिता, तुलेश्वरी, भारती, माधुरी, गोस्वामी एवं सभी विजन स्टाफ उपस्थित थे।




## निरोगी काया के लिए योग सरल व अनुपम उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर डॉ हेडगेवार सदन में अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को डॉ गुलाब साहू ने योग प्रेमियों को योग कराए। योग समारोह में विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, सेजस समिति अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, योग प्रशिक्षक ढालसिंह साहू, प्राचार्य पीएल बारले पवन बंछोर, हाथेश्वर साहू, लीकेश्वर साहू, धनेश्वरी साहू, दिव्या चंद्राकर, प्रीति साहू, कल्पना साहू, शशि यादव सहित विद्यालय स्टॉफ एवं विधार्थियो ने योग किए योग के फायदे को समझे।

योग एक्सपर्ट डॉ गुलाब साहू ने कहा कि जो योग करते है वे स्वस्थ मस्त तो रहते ही है साथ में उनका चिंतन सकारात्मक होने लगता है जो परिवार समाज देश को लाभान्वित करता है। उन्होंने कहा कि योग प्रकृति के साथ संतुलन बनाना सिखाती है जिससे बीमारियां दूर रहती है। इतना अच्छी विधा विश्व ने अपनाया और आप भारतीय होने के बाद भी यदि पीछे है तो सोचिए आप अपने साथ अन्याय कर रहे है। नियमित योग करने वाले विधार्थियो का परिणाम अच्छा आता है। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि प्रतिदिन योग करने वाले वाले विधार्थियो का शरीर स्वस्थ मन स्वस्थ बनता है जिससे अच्छी पढ़ाई के लिए मन अच्छा बनता है और रिजल्ट मन माफिक आता है जो सबको गौरांवित करता है। जीवन में योग निरोगी काया का सुंदरतम उपहार देती है जो नियमित योग करने वालो को नसीब होती है।





## योग से आत्मशक्ति का होता है विकास

**गुण्डरदेही।** योग फार अर्थ, वन हेल्थ थीम पर मंडल के पुर्व महामंत्री सौरभ चोपड़ा ने अपने घर योग किया। उन्होने कहा कि योग केवल शरीर का विज्ञान नहीं, आत्मा के उत्थान का महान माध्यम है। यह संयम, समत्व और संतुलन का वह सूत्र है जो जीवन को पूर्णता की ओर ले जाता है।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, धेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## नवागांव बी के छात्रों ने किया ग्रामीणों के साथ योगाभ्यास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नवागांव बी मे विश्व योग दिवस मे स्कूली बच्चों ने ग्रामीण के साथ किया योग! योग समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना साहू के प्रतिनिधि नारद साहू थे। योग प्रशिक्षक कनक साहू ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार सभी को योग कराए। अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन मंडल जिला सभापति नारद साहू ने कहा की योग स्व अनुशासन सिखाता है जीवन को सुंदर बनाता है योग जो हमारी आंतरिक ऊर्जा को जागृत करता है, मानसिक शांति देता है और शारीरिक मजबूती प्रदान करता है। विश्व योग दिवस के दिन हमें यह याद दिलाता है कि योग अब कोई विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत है। जब हर व्यक्ति योग को अपनाएगा, तभी एक स्वस्थ समाज और सशक्त भारत का निर्माण होगा यह केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक ऐसी विधा है जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का कार्य करती है। योग के फायदों को देखकर पूरे विश्व ने इसे दिल से स्वीकार किया है। भारत के ऋषियों ने इस विज्ञान को गहन अभ्यास और चिंतन से विकसित किया है। प्रत्येक भारतवासी भी योग को दिल से अपना कर अपना घर परिवार समाज देश का भला करे। समाजसेवी अभिषेक सेन ने बताया की योग केवल न हमारे शरीर का माँसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है. बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने मे भी मदद करता है। इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष दक्षिण पाटन नारद साहू, मीडिया प्रभारी भाजयुमो दक्षिण पाटन अभिषेक सेन, ग्रामीण अध्यक्ष महेश साहू, मोनिशा साहू, रोजगार सहायक भीषम कुमार साहू, पंच लेखराम साहू, पंच भेमराज साहू, योग ट्रेनर पवन साहू, कनक साहू, रिंकू साहू, सागर साहू, रुद्र साहू, रिहान साहू, प्रेरणा साहू, मुस्कान, बिहान समूह से लिखेश्वरी साहू, कुंती साहू, माधुरी साहू सहित अन्य शामिल हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, माँ मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411